संपादकीय

# जनादेश की गारंटी

सर्वोच्च न्यायालय ने लोक सभा सभा के प्रथम चरण के मतदान से एक दिन पहले चुनावी मशीन की विसनीयता के बारे में यही कहा। एडीआर और अन्य की तरफ से जारी जनहित याचिकाओं पर दूसरे दिन सुनवाई करते हुए ईलेक्ट्रिक वोटिंग मशीन पर संदेह जताने को सही नहीं बताया।

इस पर फैसला अभी आना है। पर इन टिप्पणियों से ईवीएम पर न्यायालय के रु ख का पता चलता है। स्वदेश निर्मित ईवीएम मशीन से चुनाव बीसवीं सदी के नौवें दशक से ही कराया जा रहा है। इसके पहले, 1982 में केरल की परवूर विधानसभा उपचुनाव में उसे कुछ बूथों पर आजमाया गया था। इसकी खामियों को दुरु स्त कर इसे प्रयोग-सक्षम बनाया गया। ईवीएम के जरिए यूपीए ने दो आम चुनाव जीते हैं और केंद्र में उनकी दो सरकारें बनी हैं। इसके पहले एनडीए की भी सरकार बनी है।

विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के चुनाव ईवीएम से ही हुए हैं। इसके बावजूद हारे हुए दल या गठबंधन हर आम चुनाव के वक्त ईवीएम को हटाने या उसे वीवीपीएटी से लैस करने की मांग चुनाव आयोग से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक करते रहे हैं। आयोग की तरफ से हर चुनाव के पहले उनके समक्ष ईवीएम के फूलप्रूफ डेमो के जरिए चिंताओं के निराकरण के बावजूद सवाल उठाते रहना एक रस्मी कवायद है। उनका आरोप होता है कि इसमें डाले गए वोट भाजपा को मिलते हैं।

पहले के कुछ उदाहरण इसकी तस्दीक भी करते थे पर यह तो मशीनी गड़बड़ी हो सकती थी। अब तो इसमें पर्याप्त सुधार किया गया है। तभी तो सर्वोच्च न्यायालय ने चार करोड़ टेस्टेड डेटा पर अपना भरोसा जताया है। यह सही भी है। ऐसा नहीं होता तो यूपीए ही लगातार जीतता होता या एनडीए का राज बदस्तूर रहता। दलों को चुनावों में इतना पैसा और पसीना नहीं बहाना पड़ता। ईवीएम अपने आका को तश्तरी में नतीजे परोस देती।

न्यायालय ने रस्मी याचियों से स्पष्ट कर दिया है कि बैलेट पेपर और बक्से की झीना-झपटी वाले प्रतिगामी चुनावी दौर में भारत जैसे 'महादेश' को नहीं लौटाया जा सकता। यह जर्मनी नहीं है। अलबत्ता, इस मसले पर फिर उंगली न उठे इस लिहाजन हर वोट का हिसाब रखने के लिए ईवीएम को वीवीपीएटी के साथ जोड़ने पर विचार किया जा सकता है। अंतिम परिणाम में देरी के बावजूद। चुनाव बिल्कुल शुद्ध-पवित्र तरीके से होना चाहिए ताकि उसके जनादेश की 'गारंटी' हो। सर्वोच्च अदालत की टिप्पणी में अवाम का मत है।

# रुपया ही नहीं अन्य करेंसी भी... वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया रुपए की कमजोरी का कारण

**नई दिल्ली**



डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपये में गिरावट के बारे में पूछे जाने पर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। गुजरात के अहमदाबाद में एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि जब अमेरिकी अर्थव्यवस्था और डॉलर की स्थिति मजबूत होती है, तो उसके मुकाबले रुपये में उतार-चढ़ाव आता है। वित्त मंत्री ने कहा, इसके विपरीत, येन और यूरो के मुकाबले रुपया; हमारी आर्थिक स्थिति, विदेशी मुद्रा भंडार, मुद्रास्फीति, और आर्थिक मजबूती को देखते हुए स्थिर बना हुआ है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी डॉलर के मुकाबले, न सिर्फ रुपया बल्कि अन्य मुद्राओं में उतार-चढ़ाव और अधिक है। वैश्विक परिवेश में अनिश्चितता बढ़ रही है। ईरान और इस्राइल के बीच तनाव बढ़ने से पश्चिम एशिया में चुनौतीपूर्ण हालात बने हैं। यही वह क्षेत्र है जहां से सिर्फ हमारी ही नहीं पूरी दुनिया का क्रूड ऑयल निकलता है, इससे ग्लोबल इकोनॉमी में उतार-चढ़ाव बढ़ा है।

भारत को विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के लिए आकर्षक गंतव्य बनाने की हो रही कोशिश

अमेरिकी अरबपति एलन मस्क की ओर से अपनी भारत यात्रा स्थगित करने से जुड़े एक सवाल का जवाब देते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि केंद्र ने भारत को विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के लिए आकर्षक गंतव्य बनाने के लिए नीतियां तैयार की हैं और इसका मकसद न केवल घरेलू बाजार बल्कि निर्यात के लिए भी उत्पादन करना है।

उन्होंने कहा, निवेश आकर्षित करने के लिए नीतियां बनाई गई हैं। हम चाहते हैं कि विनिर्माता और निवेशक यहां आएं और न केवल भारत के लिए नहीं बल्कि निर्यात के लिए भी उत्पादन करें। हम नीतियों के जरिये विनिर्माणकर्ताओं और निवेशकों को आकर्षित करने की कोशिश करेंगे। टेस्ला के सीईओ मस्क ने शनिवार को कहा कि कंपनी की भारी जिम्मेदारियों के कारण उनकी भारत यात्रा में देरी हो रही है।

वित्त मंत्री ने कहा, जब बड़ी कंपनियां भारत आने में दिलचस्पी दिखाएंगी तो हम उनके लिए यहां आकर निवेश करना आकर्षक बनाने की हर संभव कोशिश करेंगे। उस प्रक्रिया में, यदि चर्चा करने के लिए कुछ है, तो हम निश्चित रूप से चर्चा करेंगे। लेकिन हमने जो कुछ किया है, उसे नीतियों के तहत से किया है।

उन्होंने कहा कि जब चीन प्लस वन कई उद्योग विशेषज्ञों के लिए चिंता का विषय बना तो केंद्र सरकार के दृष्टिकोण से मदद मिली। उन्होंने कहा कि नीतियों को इस तरह से तैयार किया गया जिससे भारत को विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के लिए एक आकर्षक स्थान बनाया जा सके।

मोदी सरकार के दौरान एक महीने को छोडक़र कभी महंगाई ने टॉलरेंस बैंड के पार नहीं गई

महंगाई पर वित्त मंत्री ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार के दौरान एक महीने को छोडक़र कभी भी महंगाई ने टॉलरेंस की बैंड की ऊपरी सीमा को पार नहीं किया जबकि उससे पहले (2014 से पहले) अर्थव्यवस्था बुरी हालत में थी और महंगाई दहाई अंक में थी।

केंद्रीय मंत्री ने कहा, उस समय (2014 से पहले) किसी को देश से कोई उम्मीद नहीं थी। बहुत कठिन परिश्रम के बाद, हम दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरे हैं और विश्वास के साथ कह रहे हैं कि हम अगले दो से ढाई साल में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे।

देश में रोजगार के मुद्दे पर केंद्रीय वित्त मंत्री ने कही यह बात

रोजगार के मुद्दे पर सीतारमण ने कहा कि औपचारिक और अनौपचारिक दोनों क्षेत्रों से सटीक आंकड़ों का अभाव है लेकिन केंद्र की पहल से लाखों नौकरियां सुनिश्चित हुई हैं। उन्होंने कहा, डेटा अपर्याप्त है। मैं इस पर गर्व नहीं कह रही हूं बल्कि इसकी कमजोरी को स्वीकार करते हुए यह कह रही हूं। रोजगार के बारे में मैं इतना ही कह सकती हूं कि लोगों और स्टार्टअप्स को अलग-अलग योजनाओं के जरिए जो पैसा (करोड़ों में ) दिया गया है... लोगों को उससे मदद मिली है। अक्टूबर 2022 से नवंबर 2023 के बीच रोजगार मेलों के जरिए मोदी सरकार ने 10 लाख लोगों को सरकारी नौकरी दी है।

बड़ी कंपनियों को माल या सेवाएं प्राप्त करने के 45 दिनों के भीतर सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को भुगतान करने के नियम के बारे में पूछे जाने पर, सीतारमण ने कहा कि यह कानून 2007-08 से अस्तित्व में है और नया नहीं है।


## रत्न और आभूषणों का निर्यात पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 12.17 प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली**

रत्न और आभूषण निर्यात पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 2023-24 के दौरान 12.17 प्रतिशत घटकर 2,65,187.95 करोड़ रुपये (32,022.08 मिलियन अमेरिकी डॉलर) रह गया। रत्न व आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) के आंकड़ों से पता चला है कि इसका अमेरिका में उच्च ब्याज दर और चीन की इकोनॉमी में धीमी रिकवरी है। जीजेईपीसी के अध्यक्ष विपुल शाह ने पीटीआई से कहा, स्नड्ंघ23 में रत्न और आभूषण निर्यात 3,01,925.97 करोड़ रुपये (स्ठ 37,646.17 मिलियन) था। उन्होंने कहा, पिछला वित्त वर्ष सभी उत्पाद श्रेणियों के लिए काफी चुनौतीपूर्ण रहा। यह स्थिति मुख्य रूप से उच्च ब्याज दरों के कारण अमेरिका में मंदी के कारण बनी, जो इस सेगमेंट में निर्यात के लिहाज से भारत के लिए सबसे बड़ा बाजार है। कोविड-19 के बाद चीन के बाजार में सुधार की गति धीमी है।

## हांगकांग, सिंगापुर ने दी चेतावनी, एमडीएच और एवरेस्ट मसालों में कैंसर पैदा करने वाले तत्व

**नई दिल्ली**



हांगकांग और सिंगापुर में खाद्य नियामकों ने लोगों को दो बड़े मसाला ब्रांडों के चार प्रोडक्ट - एमडीएच के तीन और एवरेस्ट के एक - का उपयोग करने के खिलाफ चेतावनी दी है। इसमें इथिलीन ऑक्साइड की मात्रा काफी अधिक है, जिससे कैंसर जैसी घातक बीमारी हो सकती है।

इंटरनेशनल एजेंसी फॉर रिसर्च ऑन कैंसर ने एथिलीन ऑक्साइड को समूह 1 कार्सिनोजेन के रूप में क्लासीफाई किया है।

5 अप्रैल को अपनी वेबसाइट पर पोस्ट किए गए एक बयान में हांगकांग के खाद्य नियामक प्राधिकरण सेंटर फॉर फूड सेफ्टी (सीएफएस) ने कहा कि एमडीएच के तीन मसाला प्रोडक्ट - मद्रास करी पाउडर, सांभर मसाला और करी पाउडर मिश्रित मसाला पाउडर के अलावा एवरेस्ट के फिश करी मसाला में कीटनाशक, एथिलीन ऑक्साइड है।

एमडीएच और एवरेस्ट फूड्स दोनों ने अभी तक खाद्य नियामकों के दावों पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

अपने नियमित जांच के तहत, सीएफएस ने हांगकांग में तीन खुदरा दुकानों से उत्पाद लिए। सीएफएस प्रवक्ता ने कहा, परीक्षण के नतीजों से पता चला कि नमूनों में कीटनाशक, एथिलीन ऑक्साइड था।

नियामक ने विक्रेताओं को बिक्री रोकने और उत्पादों को हटाने का निर्देश दिया। इसमें कहा गया है कि उत्पादों को वापस मंगाना शुरू कर दिया गया है।

सीएफएस प्रवक्ता ने कहा, मानव उपभोग के लिए कीटनाशक युक्त भोजन केवल तभी बेचा जा सकता है जब भोजन की खपत स्वास्थ्य के लिए खतरनाक या प्रतिकूल न हो। इसके लिए अधिकतम 50,000 डॉलर का जुर्माना और दोषी पाए जाने पर छह महीने की कैद हो सकती है। सीएफएस ने कहा कि जांच जारी है और उचित कार्रवाई की जा सकती है। उधर सिंगापुर खाद्य एजेंसी (एसएफए) ने भी एथिलीन ऑक्साइड की मात्रा निर्धारित सीमा से अधिक होने के कारण एवरेस्ट फिश करी मसाला को वापस लेने का आदेश दिया।

# दिल्ली के घर पर हैदराबाद का धमाका, 67 रन से मैच जीतकर लगाया विनिंग चौका

**नईदिल्ली**

अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच हाईवोल्टेज और हाईस्कोरिंग मैच खेला गया. इस मैच में टॉस जीतकर ऋषभ पंत ने फील्डिंग चुनी, लेकिन जिस अंदाज में हैदराबाद ने शुरुआत की, उसने दिल्ली के होश उड़ा दिए. पावर प्ले में 125 रन बनाने वाली हैदराबाद की टीम ने दिल्ली को 267 रनों का लक्ष्य दिया. जवाब में दिल्ली पूरे 20 ओवर बल्लेबाजी भी नहीं कर पाई और 199 रन पर ऑलआउट हो गई. नतीजन, हैदराबाद ने 67 रन से मैच जीता और प्वॉइंट्स टेबल में टॉप-2 में पहुंच गई.




सनराइजर्स हैदराबाद के दिए 267 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स की टीम अपने 20 ओवर भी नहीं खेल पाई और घरेलू दर्शकों के सामने 19.1 ओवर में 199 के स्कोर पर सिमट गई. दिल्ली की शुरुआत अच्छी नहीं रही. शुरुआती 2 विकेट 2 ओवर में ही गिर गए. डेविड वॉर्नर 1 और पृथ्वी शॉ 16 रन पर पवेलियन लौट गए. मगरष फिर जेक फ्रेज़र-मैकगर्क और अभिषेक पोरेल ने दिल्ली की वापसी कराई, मगर तभी मयंक मार्कंडे ने जेक को 65 पर आउट कर दिया. जेक सिर्फ 18 गेंदों पर 5 चौकों और 7 छक्कों की बदौलत 65 के स्कोर पर आउट हुए.

वहीं, अभिषेक भी मयंक का शिकार हुए और 22 गेंद पर 7 चौकों और 1 छक्के की मदद से 42 रन बनाकर पवेलियन लौटे. त्रिस्टन स्टब्स 10(11), ललित यादव 7(8), अक्षर पटेल 6(8) पर आउट हुए. ऋषभ पंत ने 35 गेंदों पर 5 चौकों और 1 छक्के की मदद से 44 रन बनाकर आउट हुए. आखिर में एनरिक नॉर्टजे और कुलदीप यादव जीरो पर ही आउट हुए. इस तरह दिल्ली की टीम 19.1 ओवरों में 199 रन पर ही सिमट गई. सनराइजर्स हैदराबाद ने 67 रन से मैच जीत लिया.

सनराइजर्स हैदराबाद की टीम ने दिल्ली कैपिटल्स को 67 रनों से हराकर जीत का चौका लगा दिया है. जी हां, हैदराबाद आईपीएल 2024 में लगातार चौथा मैच जीत गई है और इस जीत के साथ उसने प्वॉइंट्स टेबल पर छलांग मारी है. पैट कमिंस की कप्तानी वाली टीम स्क्र॥ 7 में से 5 मैच जीतकर 10 अंकों के साथ अंक तालिका में दूसरे नंबर पर पहुंच गई है.

## बलराज नौकायन में पेरिस ओलंपिक का टिकट पाने वाले पहले भारतीय



**नई दिल्ली**

बलराज पंवार ने रविवार को दक्षिण कोरिया के चुंग्जू में विश्व एशियाई और ओसनियाई ओलंपिक एवं पैरालंपिक क्वालीफिकेशन रेगाटा में पुरुष एकल स्कल स्पर्धा में तीसरे स्थान पर रहकर भारत को नौकायन में पहला पेरिस ओलंपिक कोटा दिलाया। वह 7:01.27 मिनट का समय निकालकर 2000 मीटर रेस में तीसरा स्थान पर रहे। हरियाणा के करनाल के पंवार ने धीमी शुरुआत के बाद दबदबा बनाया। कजाखस्तान के व्लादिस्लाव याकोवलेव (6:59.46) ने स्वर्ण और इंडोनेशिया के मेमो मेमो ने दूसरा स्थान हासिल किया।

लाइटवेट डबल स्कल्स में चूके : पुरुष एकल स्कल में शीर्ष पांच नौकाचालक ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करते हैं। लाइटवेट डबल स्कल्स में देश क्वालीफाई नहीं कर सका। भारत ने पिछले टोक्यो ओलंपिक में इस स्पर्धा में हिस्सा लिया था।

उज्जवल कुमार और अरविंद सिंह की भारतीय जोड़ी तीसरे स्थान पर रही जबकि इसमें शीर्ष दो जोड़ी कोटा हासिल करती हैं। भारत इस तरह 26 जुलाई से शुरू होने वाले ओलंपिक में नौकायन में एक ही स्पर्धा में हिस्सा लेगा। अर्जुन लाल और अरविंद सिंह ने टोक्यो ओलंपिक में लाइटवेट डबल स्कल में भारत का प्रतिनिधित्व किया था और वे 11वें स्थान पर रहे थे। एशियाई क्वालीफायर भी एशियाई रोइंग कप के साथ ही कराए जा रहे हैं। इसमें भारत ने सलमान खान और नितिन देओल की बदौलत पुरुष डबल स्कल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था।

## अनुराग बसु की फिल्म मेट्रो इन दिनो की रिलीज टली, अब 29 नवंबर को सिनेमाघरों में देगी दस्तक!

अनुराग बासु पिछले लंबे समय से अपनी मल्टीस्टारर फिल्म मेट्रो इन दिनों को लेकर चर्चा में बने हुए हैं. सारा अली खान और आदित्य रॉय कपूर स्टारर इस फिल्म की रिलीज डेट एक बार फिर से बदल दी गई है. तो आइए जानते हैं कि अब कब रिलीज होगी फिल्म...



मालूम हो कि मेकर्स ने कई दफा मेट्रो इन दिनों की रिलीज डेट को आगे शिफ्ट किया है. पहले यह फिल्म 29 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी. वहीं अब एक बार फिर इसकी रिलीज डेट में बदलाव हुआ है. निर्माताओं ने नई रिलीज डेट का ऐलान किया है. प्रोडक्शन हाउस टी-सीरीज ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर करते हुए बताया है कि मेट्रो... इन दिनों को एक नई रिलीज डेट मिल गई है. दिल को छू लेने वाली कहानियों वाली ये फिल्म अब अब 29 नवंबर, 2024 को रिलीज होगी.

बता दें कि अनुराग की इस मच अवेटेड फिल्म का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है. वहीं अनुराग भी अपनी इस नई कहानी को लेकर काफी उत्साहित हैं. फिल्म में आदित्य रॉय कपूर, सारा अली खान, अली फजल, फातिमा सना शेख, अनुपम खेर, नीना गुप्ता, पंकज त्रिपाठी और कोंकणा सेन शर्मा मुख्य भूमिका में हैं.

## दीपक तिजोरी की निर्देशित फिल्म टिप्सी का फर्स्ट लुक हुआ आउट, 10 मई को सिनेमाघरों में देगी दस्तक



अभिनेता दीपक तिजोरी की अगली निर्देशित फिल्म टिप्सी का फर्स्ट लुक मोशन पोस्टर रिलीज हो गया है. यह फिल्म 10 मई 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी. फिल्म में दीपक तिजोरी के साथ अलांकृता सहई, नताशा सूरी, कविता अरोड़ा, नाजिया हुसैन और सोनिया बिर्जे प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगी. टिप्सी का निर्देशन दीपक तिजोरी ने किया है और फिल्म का निर्माण राजू चढ्डा और दीपक तिजोरी द्वारा किया गया है. फिल्म को पैनोरमा स्टूडियो देशभर में रिलीज करेगा. फर्स्ट लुक में सभी कलाकार समुद्र के बीच में एन्जॉय करते नजर आए हैं साथ ही बैकग्राउंड में सभी किरदारों की आवाजें आ रही थी, जिसे जानकर लग रहा है कि यह एक सस्पेंस थ्रिलर फिल्म होगी.

## आज का राशिफल

***मेष:*** आज आप व्यापार में योजनाबद्ध तरीके से काम करेंगे। छोटे बच्चे अपने दोस्तों के साथ पार्क में खेलने जाएंगे। घर-वार का वातावरण शांतिदायक बना रहेगा। इस राशि के जिन लोगों का रेस्टोरेंट है, उनके धन में वृद्धि होने की संभावना है।

***वृष:*** आज परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण रहेगा। दांपत्य जीवन में आपसी सामंजस्य बेहतर रहेगा। सेहत के लिहाज से आज आप स्वस्थ्य बने रहेंगे। केमिस्ट्री स्टूडेंट्स के लिए दिन फायदेमंद रहने वाला है।

***मिथुन:*** आज आपको आर्थिक रूप से अपने रिश्तेदारों से मदद मिलेगी। करियर में आपको अपने गुरु का सहयोग प्राप्त होगा। अपनी सेहत को बेहतर बनाये रखने के लिए आपको टहलना चाहिए। इससे आप ताजगी से परिपूर्ण रहेंगे।

***कर्क:*** आज आपको मित्रों से कुछ बेहतर सलाह मिलेगी। आज आपको थोड़ा आलस महसूस होगा, जिससे काम में मन कम ही लगेगा। आज आपको किसी भी अनजान व्यक्ति पर भरोसा करने से बचना चाहिए।

***सिंह:*** आज आपके अंदर आत्मविश्वास की अधिकता रहेगी। साथ ही आपको तरक्की के कई अवसर भी मिलेंगे। आज परिवार के साथ धार्मिक यात्रा की योजना बनाएंगे। आपको व्यापार में मुनाफा होने की उम्मीद है।

***कन्या:*** आज आपका खुशनुमा व्यवहार घर में बहुत ही अच्छा माहौल बना देगा। सही योजना के तहत आप अपने करियर में बदलाव लाने में सफल होंगे। आप कार्यक्षेत्र में चुनौतियों का सामना करने में सक्षम रहेंगे।

***तुला:*** आज का दिन आपके शानदार रहने वाला है। आज कारोबारियों को धन लाभ होने की उम्मीद है। ऑफिस के काम की गति अच्छी रहेगी, आप अपने सारे रुके हुए काम पूरा करने में सफल होंगे।

***वृश्चिक:*** आज आप माता-पिता के साथ मंदिर दर्शन के लिए जाएंगे। जीवनसाथी से आपको खुशखबरी मिलेगी, जिससे पूरे दिन आपका मन प्रसन्न रहेगा। परिवार का माहौल खुशनुमा बन रहेगा। आपको कोई बड़ा ऑफर मिलने से धन लाभ होगा।

***धनु:*** आज आप कोई जरूरी काम निपटाने में सफल रहेंगे। दांपत्य जीवन मधुरता से भरपूर रहेगा। दोस्तों के साथ आउटिंग पर जाने से आपको खुशी मिलेगी। धन से जुड़ी चिंताएं दूर हो जाएगी, साथ ही रुके हुए धन की प्राप्ति भी होगी।

***मकर:*** आज आपको बच्चो से कोई अच्छी खबर मिलेगी। जीवन मे आगे बढऩे के मौके मिलेंगे। इस राशि के जो लोग फ्रीलांसर हैं, उनकी आय में बढ़ोतरी होने की संभावना है। आपको अपनी मेहनत के हिसाब से फल की प्राप्ति जरूर होगी।

***कुंभ:*** आज घर-परिवार में किसी मांगलिक आयोजन की रूपरेखा बनेगी। आर्ट्स स्टूडेंट्स को टीचर्स का पूरा:पूरा सहयोग मिलेगा। कुछ दिनों से किसी विषय में आ रही समस्या आज आसानी से सॉल्व हो जायेगी।

***मीन:*** आज जीवनसाथी के सहयोग से कोई काम पूरा हो जायेगा। साथ ही उनकी बेहतर सलाह मिलने से आपको पैसे कमाने का नया जरिया प्राप्त होगा। मित्रों के साथ किसी बात को लेकर थोड़ी अनबन हो सकती है, लेकिन जल्द ही सब ठीक भी हो जायेंगा।

## मिस्टर एंड मिसेज माही का पहला पोस्टर आया सामने, भारतीय जर्सी में दिखे राजकुमार राव और जान्हवी कपूर




राजकुमार राव और जान्हवी कपूर एक बार फिर स्क्रीन साझा करेंगे। दोनों कलाकार स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही में एक साथ नजर आने वाले हैं। हाल ही में निर्माताओं ने फिल्म के रिलीज डेट की घोषणा की थी। फिल्म का पहला पोस्टर पेश किया गया है। फिल्म के पोस्टर में अभिनेता राजकुमार राव और अभिनेत्री जान्हवी कपूर भारतीय जर्सी में नजर आ रहे हैं। दोनों ही भारतीय टीम का उत्साह बढ़ाते हुए दिख रहे हैं।


रिपोर्ट्स के मुताबिक 'मिली' फिल्म की अभिनेत्री फिल्म में एक क्रिकेटर की भूमिका में नजर आएंगी। सोशल मीडिया पर फिल्म का पोस्टर साझा करते हुए 'धर्मा प्रोडक्शन' ने लिखा, 'यह सपनों का पीछा करने का समय है! मिस्टर एंड मिसेज माही 31 मई 2024! को सिनेमाघरों में'। बता दें कि फिल्म में राजकुमार राव 'महेंद्र' और जान्हवी 'महिमा' की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म सिनेमाघरों में 31 मई 2024 को रिलीज की जाएगी।

जान्हवी कपूर के आगामी कार्यों की बात करें तो अभिनेत्री 'जूनियर एनटीआर' की फिल्म देवरा में नजर आएंगी। एक साक्षात्कार के दौरान इस फिल्म का हिस्सा होने पर उन्होंने खुशी जाहिर की थी। जान्हवी की आगामी फिल्मों में दक्षिण भारतीय अभिनेता राम चरण की फिल्म 'आरसी-16' और 'उलझ' शामिल है। राजकुमार राव 'श्रीकांत' और 'गन्स एंड गुलाब्स सीजन 2' में दर्शकों के सामने प्रस्तुत होंगे।

## शब्द सामर्थ्य- 34

**बाएं से दाएं :**
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।


**ऊपर से नीचे**
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुप्तबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नज़दीक, समीप 21. सुबह, प्रात:, सबेरा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 033 का हल



## सू-दोकू- 34



**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.033 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |